CLASS-III,

पाठ-सर्वनाम

दिए गए अनुच्छेद में संज्ञा शब्दों के स्थान पर सर्वनामों का प्रयोग करो–

मेरा नाम अंजू है। मंजू मेरी मित्र है। एक दिन अंजू-मंजू बाज़ार गईं। वहाँ अंजू-मंजू ने खिलौने खरीदे। अंजू ने माँ के लिए पुस्तक खरीदी। अंजू ने पिता जी के लिए कलम भी खरीदी। मंजू ने आइसक्रीम खाई। मंजू ने चॉकलेट भी खाई। थोड़ी देर बाद अंजू-मंजू वापस आ गईं।

उचित सर्वनाम लिखकर कहानी पूरी करो–

एक गिलहरी थी। _____ नाम कुटकुट था। वह भोली-भाली थी। _____ बहुत भूख लगी थी। एक चूहा _____ साथी था। एक दिन कुटकुट शाम तक घर नहीं पहुँची। चूहा _____ ढूँढ़ने निकल पड़ा। _____ जंगल के कई जानवरों से पूछा, पर _____ कहीं पता न चला। तभी _____ एक झाड़ी के पीछे कुटकुट को बेहोश पड़ा पाया। _____ मुँह पर पानी के छींटे मारे। _____ होश में आ गई। कुटकुट ने चूहे को धन्यवाद कहा। _____ दोनों घर वापस आ गए।